# मासिक समसामयिकी

# जुलाई, 2023




## सुर्ख़ियों में...

- ISRO ने LOUNCH किया चंद्रयान-3 चंद्रयान-1,2 और 3 की सम्पूर्ण जानकारी
- भारत और अन्य देशों के साथ हुए प्रमुख युद्ध अभ्यास
- प्रमुख नियुक्तियां
- "अकीरा" वायरस
- जुलाई, 2023 का सम्पूर्ण समसामयिक परिदृश्य सभी महत्वपूर्ण तथ्यों सहित



## Download APP : Instructions

Step - I : Play Store पर जाएँ

Step - II : MP Current Affairs सर्च करें

Step - III : इस App Icon को देखकर App को Install/Download करें

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

**॥ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समान रूप से उपयोगी ॥**

**॥ सफलता आपकी, ज़िम्मेदारी हमारी ॥**

DEMO

## हाल ही में चर्चा में रहा "अकीरा" क्या है - वायरस

KEY POINTS »

● हाल ही में चर्चा में रहा अकीरा नामक वायरस एक नया रैनसमवेयर है, जो पीडिता के निजी जानकारी चोरी करता है और उससे पैसों की मांग करता है।

● इससे सुरक्षा के लिए सरकार ने इंटरनेट यूजर्स को इस वायरस से बचने के लिए अपनी डिवाइस के अपडेट और एंटी-वायरस का इस्तेमाल करने को कहा है।

● इसके अलावा, यूजर्स को AnyDesk, WinRAR और PCHunter जैसे टूल के संभलकर इस्तेमाल करने को कहा गया है। (Apart from this, users have been asked to use tools like AnyDesk, WinRAR and PCHunter.)

### क्या है रैंसमवेयर?

रैंसमवेयर भी एक तरह का मैलवेयर है, जो यूजर या किसी ऑर्गेनाइजेशन पर अटैक करके उनके कंप्यूटर पर फाइलों के एक्सेस को रोक देता है। ये उन फाइलों को एन्क्रिप्ट करता है और फिर डिक्रिप्शन के लिए फिरौती यानी रेंसम की मांग करता हैं।

## दक्षिण कोरिया में आयोजित ISSF जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप-2023 में पदक तालिका में भारत कौनसे स्थान पर रहा - दूसरे

KEY POINTS »

● दक्षिण कोरिया के चांगवन में हाल ही में संपन्न ISSF जूनियर निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप-2023 में भारत पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।

● भारतीय निशानेबाजों ने 6 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 17 पदक हासिल किए।

● भारतीय खिलाडी अभिनव शॉ, व कमलजीत ने 2-2 स्वर्ण पदक जीते।

● वही निशानेबाज सानयाम ने महिलाओ की 10 मी. एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण सहित 3 पदक जीते।

ISSF जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023 पदक तालिका | ISSF Junior World Championships 2023 medal table

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चीन | 12 | 9 | 7 | 28 |
| 2 | भारत | 6 | 6 | 5 | 17 |
| 3 | यूक्रेन | 5 | 3 | 2 | 10 |

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें
DOWNLOAD APP

DEMO

**केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का पहला महिला पुलिस स्टेशन कहा खोला गया - कारगिल**

KEY POINTS 》

● लद्दाख के कारगिल में राज्य का पहला महिला पुलिस स्टेशन शुरू हुआ, लद्दाख के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसडी सिंह जामवाल ने थाने का उद्घाटन किया।

**IMF द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में विकास दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान बताया है - 6.1%**

KEY POINTS 》

● IMF ने अपने ग्लोबल इकोनॉमी आउटलुक अपडेट में बताया- वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में विकास दर 6.1% रहने का अनुमान है, जो अप्रैल के अनुमान की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है।

● वही वित्त वर्ष 2025 के लिए GDP वृद्धि अनुमान 6.3% बताया है।

● भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को लेकर अन्य एजेंसियों में एशियन डेवलपमेंट बैंक (ADB) ने वित्त वर्ष 24 के लिए ये अनुमान 6.4 फीसदी और भारतीय रिजर्व बैंक ने 6.5 फीसदी रहने का अनुमान बताया है।

**नागालैंड राज्य से राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाली पहली महिला कौन बनी है - एस फांगनोन कोन्याक**


KEY POINTS 》

● नागालैंड से भाजपा की राज्यसभा सदस्य एस फांगनोन राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाली नागालैंड से पहली महिला सदस्य बनीं।

● सदस्य एस फांगनोन 17 जुलाई को संसद के ऊपरी सदन (राज्यसभा) में उपसभापतियों के पैनल में शामिल किया गया था।

● मार्च 2022 में एस फांगनोन नागालैंड से राज्यसभा सांसद के रूप में चुनी जाने वाली पहली महिला बनीं थीं।

● राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने पिछले सप्ताह उपाध्यक्षों के पैनल में चार महिला सदस्यों (कुल संख्या का 50%) पीटी उषा, एस. फांगनोन कोन्याक, डॉ. फौजिया खान और सुलता देव को नामित किया था।




NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें

DOWNLOAD APP

### हाल ही में टाटा मोटर्स का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया - राजेश कन्नन


KEY POINTS 》

● टाटा मोटर्स ने राजेश कन्नन को अध्यक्ष और मुख्य डिजिटल और सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है।


● राजेश कन्नन 1 अगस्त 2023 को अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

**टाटा समूह :**

- टाटा ग्रुप एक निजी व्यवसायिक समूह है।
- स्थापना - 1868
- मुख्यालय - मुंबई
- संस्थापक - जमशेद जी टाटा



हस्तलिखित टॉपर नोट्स
जीव विज्ञान
Download Now



हस्तलिखित टॉपर नोट्स
भौतिकी/रसायन
Download Now

मध्यप्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर परीक्षा के लिए विशेष रूप से तैयार Handwritten नोट्स का नि:शुल्क अध्ययन कीजिए ।

### बिहार राज्य महिला आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है - अश्वमेध देवी

KEY POINTS 》

● बिहार सरकार ने उजियारपुर की पूर्व सांसद अश्वमेध देवी को राज्य महिला आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

● इनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा, साथ ही 11 सदस्यीय राज्य महिला आयोग में सात सदस्य मनोनीत भी किए गए हैं।

● इसके अलावा राजेंद्र कुमार को बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष और पूर्व विधायक ललन भूईयां को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### टैलिसमैन सेबर युद्ध अभ्यास का आयोजन कहा किया जा रहा है - ऑस्ट्रेलिया

KEY POINTS 》

● ऑस्ट्रेलिया में टैलिसमैन सेबर युद्ध अभ्यास प्रारम्भ हुआ। इस युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका समेत 11 देशों के 30 हजार से ज्यादा सैनिक हिस्सा ले रहे हैं।

● भारत, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड इस युद्धाभ्यास के ऑब्जर्वर हैं।

● Talisman Sabre अभ्यास, पहली बार 2005 में शुरू हुआ था, सैन्य सहयोग को

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें
DOWNLOAD APP

मजबूत करने और सहयोगी देशों के बीच तत्परता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

- इस संयुक्त युद्धाभ्यासों के माध्यम से, भाग लेने वाले देशों का लक्ष्य क्षेत्रीय चुनौतियों के सामने एकता पर जोर देते है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर से कुल कितने 'पीएम किसान समृद्धि केंद्र' राष्ट्र को समर्पित किये - 1.25 लाख**

KEY POINTS 》

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के सीकर से कुल 1.25 लाख 'पीएम किसान समृद्धि केंद्र' राष्ट्र को समर्पित किये।

- पीएम किसान समृद्धि केंद्र का मुख्य उद्देश्य किसानों की विभिन्न प्रकार की जरूरतों जैसे उर्वरक, बीज, उपकरण, मिट्टी, बीज और उर्वरकों के लिए परीक्षण सुविधाएं, योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है।

- राजस्थान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री ने सल्फर लेपित यूरिया (यूरिया गोल्ड) का शुभारंभ किया, सल्फर लेपित यूरिया, जिसे यूरिया गोल्ड के नाम से जाना जाता है, के प्रयोग से मिट्टी में सल्फर की कमी दूर हो जाएगी।

**हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश किसे नियुक्त किया गया है - जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय**

KEY POINTS 》

- जस्टिस आरडी धानुका के स्थान पर जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय को बॉम्बे हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

**हाल ही में नियुक्त किये गए अन्य उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश :**

- जस्टिस धीरज सिंह ठाकुर - आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट
- जस्टिस आलोक अर्थे - तेलंगाना हाईकोर्ट
- जस्टिस सुनीता अग्रवाल - गुजरात हाईकोर्ट
- न्यायमूर्ति आशीष जे देसाई - केरल हाईकोर्ट

**टाइफून डोक्सुरी का सम्बन्ध किस महासागर से है - प्रशांत महासागर**

KEY POINTS 》

- संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त तूफान चेतावनी केंद्र के अनुसार, तूफान डोक्सुरी पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में एक उष्णकटिबंधीय तूफान के रूप में शुरू हुआ है।

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें
DOWNLOAD APP

DEMO

**दुनिया की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता "द रूबरू" मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन कहा किया जायेगा - गोवा**

KEY POINTS 》

● गोवा में दुनिया की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता "द रूबरू" मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

● यह दुनिया में पुरुषों के लिए सबसे बड़ी और सबसे सम्मानित प्रतियोगिता है।

● इस कार्यक्रम में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

GOA :

- CAPITAL - PANJI
- GOVERNOR - PS Sreedharan Pillai
- CHIEF MINISTER - PRAMOD SAVANT

**हाल ही में ICC द्वारा किसे World Cup 2023 के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है - शाहरुख खान**

KEY POINTS 》

● हाल ही में ICC के द्वारा World Cup 2023 के लिए बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान को ब्रांड एम्बेसडर चुना गया है।

● ICC World Cup 2023 भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाला है जो 19 नवंबर तक चलेगा।

● भारत पहली बार अकेले इस मेगा इवेंट का आयोजन कर रहा है. देश के 10 शहरों में World Cup मैच खेले जाएंगे।

● इस बार कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 48 मुकाबले खेले जाएंगे. फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को खेला जाएगा।

**भारत के किसी भी राज्य के दूसरे सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने रहने वाले व्यक्ति कौन बने हैं - नवीन पटनायक**

KEY POINTS 》

● ओडिशा के नवीन पटनायक 23 साल और 139 दिनों के कार्यकाल के साथ भारत में किसी राज्य के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं।

● उन्होंने पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री ज्योति बसु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

● ओडिशा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे पटनायक ने पांच मार्च 2000 को पदभार संभाला था।

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें

DOWNLOAD APP

● पटनायक अब (सिक्किम) के पवन कुमार चामलिंग के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने दिसंबर 1994 और मई 2019 के बीच 24 साल और 205 दिनों के सबसे लंबे समय तक राज्य का नेतृत्व करने का रिकॉर्ड बनाया है।

| रैंक | नाम | स्टेट | टेन्योर |
|---|---|---|---|
| 1 | पवन कुमार चामलिंग | सिक्किम | 24 वर्ष, 205 दिन (12 दिसंबर 1994 - 27 मई 2019) |
| 2 | नवीन पटनायक | ओडिशा | 23 वर्ष, 139 दिन (5 मार्च 2000 वर्तमान) |
| 3 | ज्योति बसु | पश्चिम बंगाल | 23 वर्ष, 137 दिन (21 जून 1977 - 27 दिसंबर 2000) |

## प्रतिवर्ष आयकर दिवस कब मनाया जाता है - 24 जुलाई

**KEY POINTS »**

● प्रतिवर्ष 24 जुलाई को आयकर दिवस के रूप में मनाया जाता है |

● 24 जुलाई 1860 को सर जेम्स विल्सन द्वारा भारत में पहली बार आयकर पेश हुआ था जिसका उद्देश्य 1857 में ब्रिटिश शासन युद्ध में हुए नुकसान की भरपाई करना था |

## अपने 500वे अंतर्राष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बन गए हैं- विराट कोहली

**KEY POINTS »**

● विराट कोहली अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं |

● विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने 500वें अंतरराष्ट्रीय मैच में अपना 15वां विदेशी टेस्ट शतक और अपना 76वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाया।

● इसी के साथ विराट कोहली 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 10वें क्रिकेटर भी बन गए हैं।

● सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और एमएस धोनी के बाद कोहली 500 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले चौथे भारतीय हैं |



**जापान ने किस देश के साथ हाल ही में सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं - भारत**

**KEY POINTS »**

- जापान ने सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए भारत के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- यह संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला दूसरा क्वाड पार्टनर बन गया है।
- लगभग 100 सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्रों के साथ जापान शीर्ष पांच सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र वाले देशों में से एक है।

**हाल ही में जारी फीफा रैंकिंग में भारत का कौन सा स्थान है - 99**

**KEY POINTS »**

- 20 जुलाई 2023 को जारी फीफा रैंकिंग के अनुसार भारत 99वे स्थान पर पहुँच गया है. 2018 के बाद फिर से भारत सब-100 फीफा रैंकिंग में पहुंचा है।
- बेंगलुरु में आयोजित SAFF चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल में लेबनान और कुवैत को पेनल्टी शूट आउट में हराने के बाद भारत फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर पहुंच गया है।
- नवीनतम फीफा रैंकिंग के अनुसार शीर्ष स्थान अर्जेंटीना है, उसके बाद फ्रांस, ब्राजील, इंग्लैंड और बेल्जियम हैं।

**हाल ही में किसे इंडोनेशिया में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है - संदीप चक्रवर्ती**

**KEY POINTS »**

- आईएफएस अधिकारी संदीप चक्रवर्ती को इंडोनेशिया गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है।
- संदीप चक्रवर्ती वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।
- नामग्या सी खम्पा को सोमालिया संघीय गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है. वर्तमान में केन्या गणराज्य में भारत की उच्चायुक्त हैं।

**आंध्रप्रदेश के किस जिले में 108 फुट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा स्थापित होगी - कुरनूल**

**KEY POINTS »**

- हाल ही में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने आंध्रप्रदेश के कुरनूल जिले में तुंगभद्रा नदी

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें
DEMO
DOWNLOAD APP

के किनारे 108 फुट ऊंची श्रीराम के प्रतिमा की आधारशीला रखी।

● भगवान श्रीराम की यह प्रतिमा 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाई जाएगी। इसे कुरनूल के मंत्रालयम गांव में स्थापित किया जाएगा।

● इसका उद्देश्य वैष्णव परंपरा को भारत और दुनियाभर में प्रसार करना है. ये प्रतिमा आने वाले कई वर्षों तक सनातन धर्म का सन्देश देह-दुनिया को देगा।

**हाल ही में किस देश ने ब्रिक्स संगठन में शामिल होने के लिए आवेदन दिया है - अल्जीरिया**

**KEY POINTS »**

● अल्जीरिया नए आर्थिक अवसर को खोलने के लिए ब्रिक्स समूह में शामिल होना चाहता है।

● अल्जीरिया ने इसके लिए 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि के साथ ब्रिक्स बैंक का शेयरधारक सदस्य बनने का भी अनुरोध किया है।

● उत्तरी अफ्रीकी देश अल्जीरिया तेल और गैस संसाधनों से समृद्ध है।

● ब्रिक्स का मतलब ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका है।

● यह दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की पांच प्रमुख उभरती राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं का एक संघ है।

● 2001 में गठित होने पर मूल रूप से (BRIC" के रूप में जाना जाता था, दक्षिण अफ्रीका 2010 में इसमें शामिल हुआ, जिससे इसका संक्षिप्त नाम (BRICS" हो गया।

**वर्तमान में भारत में कितने विश्व धरोहर स्थल है - 40**

**KEY POINTS »**

● वर्तमान में भारत में 40 यूनेस्को विश्व धर्म स्थल है।

● भारत में स्थित 52 साइट्स UNESCO Tentative List में शामिल की गई है।

● Archaeological Survey of India (ASI), National Conservation Policy, 2014 के तहत भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य करता है।

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें
DOWNLOAD APP

DEMO

**मेरी माटी मेरा देश अभियान का संबंध किससे है - स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान**

KEY POINTS 》

● भारत में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है।

**28 जुलाई को 'सेमीकॉन इंडिया 2023' का उद्घाटन किसके द्वारा किया जाएगा - नरेंद्र मोदी**

KEY POINTS 》

● पीएम मोदी 28 जुलाई 2023 को गांधीनगर में 'सेमीकॉन इंडिया 2023' का उद्घाटन करेंगे।

● प्रदर्शनी का उद्देश्य अर्धचालकों की निर्माण प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना है। प्रदर्शनी में अर्धचालकों के निर्माण के क्षेत्र में हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

● प्रदर्शनी में इंजीनियरिंग और अन्य विषयों के छात्र अर्धचालक निर्माण के बारे में जान सकते हैं। अर्धचालक क्षेत्र की अग्रणी कंपनियां सेमीकॉन इंडिया 2023 में भाग लेंगी।

**हाल ही में कौन अमेरिकी नौसेना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनी हैं - लिसा फ्रैंचेटी**

KEY POINTS 》

● एडमिरल लिसा फ्रैंचेटी अमेरिकी नौसेना का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनीं।

● लिसा नौसेना संचालन प्रमुख और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के सदस्य के रूप में सेवा करने वाली इतिहास की पहली महिला बन गई हैं।

● उन्हें 1985 में कमीशन किया गया था और वर्तमान में वह नौसेना संचालन के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।

**5वां हेलीकॉप्टर एवं लघु विमान शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया जाएगा - खजुराहो**

KEY POINTS 》

● 25 जुलाई 2023 को 5वां हेलीकॉप्टर एवं लघु विमान शिखर सम्मेलन मध्य प्रदेश के खजुराहो में आयोजित किया जाएगा।

● नागरिक उड्डयन मंत्रालय, मध्य प्रदेश सरकार, पवन हंस लिमिटेड और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें

DOWNLOAD APP

● मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

**हाल ही में जबलपुर के रहने वाले जस्टिस आलोक अराधे को किस हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है - तेलंगाना हाई कोर्ट**

**KEY POINTS 》**

● सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को चार हाई कोर्ट जजों को पदोन्नत कर तेलंगाना, ओडिशा, गुजरात और केरला हाई कोर्ट में बतौर चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।

● मप्र (जबलपुर) के रहने वाले और कर्नाटक हाई कोर्ट जस्टिस आलोक अराधे को तेलंगाना हाई कोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया है।

● ओडिशा हाई कोर्ट के जस्टिस शुभाशिस तालापात्रा को ओडिशा हाई कोर्ट में ही चीफ जस्टिस बनाया गया है।

**हाल ही में जबलपुर की पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने वर्ल्ड शूटिंग स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप-2023 में कौनसा पदक जीता हैं - रजत पदक**

**KEY POINTS 》**

● मध्य प्रदेश के जबलपुर की पैरा पिस्टल शूटर रुबीना फ्रांसिस ने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप 2023 में | 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में रजत पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया है |

● शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स वर्ल्ड कप ओसिजेक ( क्रोएशिया) में आयोजित किया गया, जहां हंगरी की क्रिस्टीना डेविड | 234.7 पॉइंट्स के साथ स्वर्ण और तुर्की की अयसगुल पहलीवनलर ने 209.5 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता |

● वहीं, रुबीना ने 232.3 पॉइंट्स हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया |

● रुबीना के नाम पेरू के लीमा में पैरा विश्व कप शूटिंग में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड है. इसके | पहले भी वह विश्व रिकॉर्ड बना चुकी हैं |

● 2017 में उन्होंने बैंकॉक में वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर जूनियर विश्व रिकॉर्ड बनाया था |

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें

DOWNLOAD APP

## 16वे विशेष ओलंपिक का आयोजन किस देश में किया गया - बर्लिन, जर्मनी


KEY POINTS 》

▣ 16 वें विशेष ओलंपिक विश्व खेल, 17 जून से 25 जून 2023 तक बर्लिन, जर्मनी में आयोजित हुए।

▣ भारतीय खिलाड़ियों ने 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक के साथ कुल 202 पदक जीते |

### विशेष ओलंपिक विश्व खेल :

- **स्थापना वर्ष** - 1968
- यह खेल विशेष रूप से बौद्धिक विकलांग बच्चों और वयस्कों के लिए आयोजित किए जाते है।
- संगठन का उद्देश्य बौद्धिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को अपनी शारीरिक फिटनेस बढ़ाने, बहादुरी प्रदर्शित करने, खुशी का अनुभव करने और प्रतिभा और कौशल के लिए अवसर प्रदान करना है।




Download APP to Continue Reading >>




NOTE : बेहतरीन अध्ययन सामग्री एवं FREE PDF, Mock TEST, Daily Current Affairs और ऑडियो बुक्स के लिए अभी Play Store से MP GK AND CURRENT AFFAIRS APP को Download करें

DOWNLOAD APP